जय अम्बे गौरी (aarti)

जय अम्बे गौरी,
मैया जय श्यामा गौरी,
तुमको निशिदिन ध्यावत,
तुमको निशिदिन ध्यावत,
हरि ब्रह्मा शिवरी,
ॐ जय अम्बे गौरी,
मांग सिंदूर विराजित,
टीको जगमग तो,
मैया टीको जगमग तो,
उज्ज्वल से दोउ नैना,
उज्ज्वल से दोउ नैना,
चंद्रवदन नीको,
ॐ जय अम्बे गौरी....

कनक समान कलेवर,
रक्ताम्बर राजै,
मैया रक्ताम्बर राजै,
रक्तपुष्प गल माला,
रक्तपुष्प गल माला,
कंठन पर साजै,
ॐ जय अम्बे गौरी....

केहरि वाहन राजत,
खड्ग खप्पर धारी,
मैया खड्ग खप्पर धारी,
सुर नर मुनिजन सेवत,
सुर नर मुनिजन सेवत,
तिनके दुखहारी,
ॐ जय अम्बे गौरी....

कानन कुण्डल शोभित नासाग्रे मोती,
मैया नासाग्रे मोती,
कोटिक चंद्र दिवाकर,
कोटिक चंद्र दिवाकर,
सम राजत ज्योती,
ॐ जय अम्बे गौरी....

शुंभ निशुंभ बिदारे महिषासुर घाती,
मैया महिषासुर घाती,
धूम्र विलोचन नैना,
धूम्र विलोचन नैना,
निशदिन मदमाती,

ॐ जय अम्बे गौरी....

चण्ड-मुण्ड संहारे शोणित बीज हरे,
मैया शोणित बीज हरे,
मधु कैटभ दोउ मारे,
मधु कैटभ दोउ मारे,
सुर भयहिन करे,
ॐ जय अम्बे गौरी....

ब्रहमाणी रुद्राणी तुम कमला रानी,
मैया तुम कमला रानी,
अगम निगम बखानी,
अगम निगम बखानी,
तुम शिव पटरानी,
ॐ जय अम्बे गौरी.....

चौंसठ योगिनी गावत नृत्य करत भैरों,
मैया नृत्य करत भैरों,
बाजत ताल मृदंगा,
बाजत ताल मृदंगा,
ओर बाजत डमरू,
ॐ जय अम्बे गौरी....

तुम ही जग की माता तुम ही हो भरता,
मैया तुम ही हो भरता,
भक्तन की दुख हरता,
भक्तन की दुख हरता,
सुख संपति करता,
ॐ जय अम्बे गौरी....

भुजा चार अति शोभित वर-मुद्रा धारी,
मैया वर मुद्रा धारी,
मनवांछित फल पावत,
मनवांछित फल पावत,
सेवत नर नारी,
ॐ जय अम्बे गौरी.....

कंचन ढाल विराजत अगर कपूर बाती,
मैया अगर कपूर बाती,
श्रीमालकेतु में राजत,
श्रीमालकेतु में राजत,
कोटि रतन ज्योती,
ॐ जय अम्बे गौरी....

श्री अम्बे जी की आरती,

जो कोई नर गावे,
मैया जो कोई नर गावे,
कहते शिवानंद स्वामी,
कहते शिवानंद स्वामी,
सुख सम्पति पावे,
ॐ जय अम्बे गौरी....

जय अम्बे गौरी,
मैया जय श्यामा गौरी,
तुमको निशिदिन ध्यावत,
तुमको निशिदिन ध्यावत,
हरि ब्रह्मा शिवरी,
ॐ जय अम्बे गौरी....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/26809/title/jai-ambey-gauri

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |